# वंदे मातरम् के 150 वर्ष सीएमडी वढेरा की अध्यक्षता में नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में अधिकारियों-कर्मचारियों का सामूहिक गान





दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले

**बुरहानपुर/नेपानगर।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में शुक्रवार को वंदे मातरम् का सामूहिक गान आयोजित किया गया। यह आयोजन केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा वर्षभर चलाए जा रहे वंदे मातरम् के 150 वर्षों के स्मरणोत्सव की श्रृंखला का हिस्सा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा,विशिष्ट सेवा मेडल ने की। उपस्थित अफसर कर्मियों को संबोधित करते हुए सीएमडी वढेरा ने कहा वंदे मातरम् केवल राष्ट्रगीत नहीं,बल्कि भारत की आत्मा और स्वतंत्रता संग्राम का सबसे प्रखर स्वर है। यह गीत आज भी हमें एकता,समर्पण और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि संस्थान के सभी आयोजन उत्साह और राष्ट्रीय भावना के साथ संपन्न होते रहेंगे। मुख्य महाप्रबंधक और कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने कहा कि नेपा लिमिटेड राष्ट्रनिर्माण की यात्रा में सात दशकों से निरंतर योगदान दे रहा है। वंदे मातरम् हमें यह स्मरण कराता है कि देशहित सर्वोपरि है और सामूहिक अनुशासन किसी भी संस्थान की वास्तविक शक्ति है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने संस्कृति मंत्रालय के राष्ट्रीय अभियान की जानकारी दी। उन्होंने वंदे मातरम् के इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि इस गीत की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने वर्ष 1875ङ्76 में की थी और 1882 में आनंदमठ में प्रकाशित हुआ। बंग-भंग आंदोलन के दौरान इस गीत को गाने पर ब्रिटिश हुकूमत द्वारा लाठीचार्ज,गिरफ्तारियाँ,क्लब्ड पुलिस एक्शन और काला पानी जैसी कठोर सज़ाएँ दी जाती थीं,फिर भी यह गीत स्वतंत्रता सैनिकों का सबसे बड़ा संबल बना रहा।सामूहिक गान के दौरान उप महाप्रबंधक वाणिज्य एवं कार्य सुरेंद्र मेहता,वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार,प्रबंधक विपणन प्रशांत कुमार बैथालू,प्रबंधक यांत्रिकी महेंद्र केसरी,प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन,प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी,प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण राजेंद्र जाधव,उप प्रबंधक वाणिज्य सुनील कुलथे,उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा,तकनीकी सचिव सीएमडी प्रशांत सोनी,सहायक प्रबंधक पेपर मशीन विजय भामरे,विभागाध्यक्ष सुरक्षा संजय पवार,अग्निशमन अधिकारी उदेश नकुल,नेपा मिल श्रमिक संघ के अध्यक्ष प्रवीण सोनी,राजेंद्र चौधरी,दीपक सिंह ठाकुर,राकेश स्वामी,अनिल कुमार अहिरे,देवीदास लोखंडे,मुकेश चौहान,संजय सुगंधी सहित विभिन्न संयंत्रों और विभागों में कार्यरत कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वदेश

खंडवा - मुख्य संस्करण

Date 8 Nov 2025

# वंदे मातरम् भारत की आत्मा और स्वतंत्रता संग्राम का सबसे प्रखर स्वर- सीएमडी

## वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में हुआ सामूहिक गान

स्वदेश समाचार ■ नेपानगर



केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में शुक्रवार को वंदे मातरम् का सामूहिक गान आयोजित किया गया। यह आयोजन केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा वर्षभर चलाए जा रहे वंदे मातरम् के 150 वर्षों के स्मरणोत्सव की श्रृंखला का हिस्सा है। अध्यक्षता सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल ने की।

अफसर व कर्मियों को संबोधित करते हुए सीएमडी वढेरा ने कहा वंदे मातरम् केवल राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और स्वतंत्रता संग्राम का सबसे प्रखर स्वर है। यह गीत आज भी हमें एकता, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। मुख्य महाप्रबंधक और कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने कहा कि, नेपा लिमिटेड राष्ट्र निर्माण की यात्रा में सात दशकों से निरंतर योगदान दे रहा है।

संचालन कर रहे जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने संस्कृति मंत्रालय के राष्ट्रीय अभियान की जानकारी दी। सामूहिक गान के दौरान उप महाप्रबंधक वाणिज्य, कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक विपणन प्रशांत कु मार बैथालू, प्रबंधक यांत्रिकी महेंद्र केसरी, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण राजेंद्र जाधव, उप प्रबंधक वाणिज्य सुनील कुलथे, संजय सुगंधी सहित विभिन्न संयंत्रों और विभागों में कार्यरत कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

चौथा संसार

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर सामूहिक गान

बुरहानपुर, (निप्र)। नेपानगर में स्थापित केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में शुक्रवार को वंदे मातरम् का सामूहिक गान आयोजित किया गया। यह आयोजन केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा वर्षभर चलाए जा रहे वंदे मातरम के 150 वर्षों के स्मरणोत्सव की श्रृंखला का हिस्सा है।



कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेराए विशिष्ट सेवा मेडल ने की। उपस्थित अफसर कर्मियों को संबोधित करते हुए सीएमडी वढेरा ने कहा वंदे मातरम् केवल राष्ट्रगीत नहींए बल्कि भारत की आत्मा और स्वतंत्रता संग्राम का सबसे प्रखर स्वर है। यह गीत आज भी हमें एकताए समर्पण और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि संस्थान के सभी आयोजन उत्साह और राष्ट्रीय भावना के साथ संपन्न होते रहेंगे।

मुख्य महाप्रबंधक और कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने कहा कि नेपा लिमिटेड राष्ट्रनिर्माण की यात्रा में सात दशकों से निरंतर योगदान दे रहा है। वंदे मातरम् हमें यह स्मरण कराता है कि देशहित सर्वोपरि है और सामूहिक अनुशासन किसी भी संस्थान की वास्तविक शक्ति है।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने संस्कृति मंत्रालय के राष्ट्रीय अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस गीत की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने वर्ष 1875द76 में की थी और 1882 में आनंदमठ में प्रकाशित हुआ। सामूहिक गान के दौरान विभिन्न संयंत्रों और विभागों में कार्यरत कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**देशभक्ति का जज्बा** | राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर आडिटोरियम में हुआ कार्यक्रम

# राष्ट्रहित में सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए

नईदुनिया प्रतिनिधि, बुरहानपुर: राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को परमानंद गोविंदजीवाला आडिटोरियम में उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोगों ने राष्ट्रगीत के गौरवशाली इतिहास को याद किया और देश की एकता व अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। वंदे मातरम् गायन के साथ कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और सुना। इस अवसर पर कलेक्टर हर्ष सिंह ने उपस्थितजनों को 'स्वदेशी अपनाएं' की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि आज हम वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। हमें राष्ट्रहित में सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। एसपी देवेन्द्र पाटीदार ने राष्ट्रगीत के इतिहास व महत्व पर प्रकाश डाला। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, अधिकारी-कर्मचारीगण और स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे।



वंदे मातरम का सामूहिक गायन करने नेपा मिल के अधिकारी, कर्मचारी। • नईदुनिया

## वंदे मातरम याद दिलाता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि

नेपानगर: शुक्रवार को नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया गया। सीएमडी अरविंद वढेरा ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक राष्ट्रगीत ही नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक धड़कन और स्वतंत्रता आंदोलन की सबसे सशक्त आवाज है। नेपा लिमिटेड अपनी सभी संस्थागत गतिविधियों में राष्ट्रीय भावना और देशभक्ति के मूल्यों को कायम रखेगा। मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक राम अलगेसन ने कहा कि नेपा लिमिटेड ने सात दशकों से भी अधिक समय से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वंदे मातरम सभी को याद दिलाता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और सामूहिक अनुशासन ही किसी भी संगठन की असली ताकत है। सामूहिक गायन में उप महाप्रबंधक वाणिज्य एवं निर्माण सुरेंद्र मेहता, प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक विपणन प्रशांत कुमार बैठालू मौजूद रहे।

### आत्मसम्मान का प्रतीक

नेपानगर तहसील में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सातपायरी में भी राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। प्राचार्य रत्नेश कुमार जायसवाल ने कहा-वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, भारत के आत्म सम्मान और स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को स्कूल और कालेज के साथ ही शहर के प्रत्येक मोहल्लों में आयोजित करके लोगों को प्रेरित करना चाहिए।



उपस्थित लोगों को शपथ दिलाते कलेक्टर हर्ष सिंह, एसपी देवेंद्र पाटीदार व अन्य। • नईदुनिया